“पोषण एवं स्वास्थ्य में खाद्य संरचना” पर अंतर्राष्ट्रीय संगोष्ठी का आयोजन|

पृष्ठभूमि

18 जनवरी, 2017 को भारत सरकार के स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण मंत्रालय द्वारा वर्ष 1971 के बाद, देश भर से विश्लेषित खाद्यों की जानकारी के आधार पर निर्मित देश का पहला व्यापक खाद्य संरचना पर आधारित डेटाबेस प्रकाशित किया गया| इस डेटाबेस के प्रकाशित होने के साथ ही भारत खुद का सम्पूर्ण खाद्य संरचना डेटाबेस रखने वाले देशों के उत्कृष्ट समूह में शामिल हो गया है|

- केंद्रीय स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण मंत्रालय द्वारा नई भारतीय खाद्य संरचना सारणियों (New Indian Food Composition Tables - IFCT) का भी विमोचन किया गया| यह रोगियों के आहारों के विश्लेषण तथा उनके लिये विशेष आहार की योजना बनाने के लिये नैदानिक प्रचलन समेत सभी प्रकार के पोषण संबंधी मूल्यांकनों से संबंधित एक पुस्तक है|
- ध्यातव्य है कि व्यापक पोषण डाटा बैंक (Comprehensive Nutrient Data Bank) देश में पोषण संबंधी परेशानियों एवं इससे संबंधित विकारों को दूर करने में अनुसंधानकर्ताओं तथा नीति-निर्माताओं की आवश्यकताओं की पूर्ति करेगा| इसका लाभ यह होगा कि इससे नीति-निर्माताओं एवं शोधकर्ताओं को इस बात की व्यापक जानकारी प्राप्त हो सकेगी कि भारत की जनता किन-किन पोषक तत्त्वों एवं खाद्य पदार्थों का सेवन कर रही है तथा उन्हें किन-किन चीजों की आवश्यकता है|
- इसके अतिरिक्त, मंत्रालय द्वारा स्वास्थ्य अधिकारियों को एक मोबाइल एप का निर्माण करने का भी आदेश दिया गया है, जिसका उपयोग प्रत्येक व्यक्ति द्वारा बेहतर स्वास्थ्य हेतु आवश्यक सूचनाओं एवं शंकाओं के समाधान हेतु किया जा सके|
- मंत्रालय द्वारा भारतीय खाद्य पदार्थों में निहित पोषक तत्त्वों के विषय में इतनी व्यापक एवं विस्तृत जानकारी उपलब्ध कराने के लिये भारतीय चिकित्सा अनुसंधान परिषद (Indian Council of Medical Research - ICMR) एवं राष्ट्रीय पोषण संस्थान (National Institute of Nutrition - NIN), हैदराबाद को न केवल बधाई दी गई बल्कि देश के सभी मंत्रालयों एवं सरकारी विभागों यथा, महिला एवं बाल विकास, खाद्य प्रसंस्करण (Food Processing), स्वास्थ्य तथा कृषि को आईएफसीटी 2017 (IFCT, 2017) का लाभ उठाने के लिये प्रोत्साहित किया गया|
- ध्यातव्य है कि भारतीय चिकित्सा अनुसंधान परिषद द्वारा वर्ष 2011 में भारतीय राष्ट्रीय खाद्य नमूना एवं विश्लेषण कार्यक्रम (Indian national food sampling and analysis program) का शुभारंभ किया गया था|
- इस कार्यक्रम का उद्देश्य राष्ट्रीय पोषण संस्थान, हैदराबाद द्वारा पोषण तत्त्वों के विषय में बनाए गए एक व्यापक समूह पर आधारित पूरी तरह से नई “भारतीय खाद्य संरचना सारणियों” का निर्माण करना था, ताकि भारत में भोजन की संरचना से संबंधित एक आधिकारिक डेटाबेस का निर्माण किया जा सके|

- आईएफसीटी को भारतीय खाद्य पदार्थों के पोषक मूल्य (Nutritive Value of Indian Foods - NVIF) के नाम से जाना जाता है, इसके अंतर्गत व्यापक स्तर पर आँकड़ों को श्रेणीबद्ध करने के साथ-साथ उनका विश्लेषण भी किया जाता है|
- यह डेटाबेस न केवल देश में उपलब्ध पोषक तत्त्वों एवं खाद्य पदार्थों पर नज़र रखने में सक्षमता प्रदान करता है, बल्कि पोषण क्षेत्र से जुड़े आहार विशेषज्ञों, योजनाकारों, चिकित्सा एवं स्वास्थ्य पेशेवरों तथा विद्यार्थियों के समक्ष एक मार्गदर्शिका के रूप में भी प्रस्तुत होता है|
- इसके साथ-साथ यह उचित एवं पौष्टिक आहार के विषय में सही दिशा-निर्देश प्रदान करने, खाद्य सुरक्षा एवं नियमों का सटीक खाका तैयार करने, उपभोक्ता शिक्षा (consumer education) तथा शिक्षा सामग्री (educational materials) को तैयार करने हेतु एक उपयुक्त आधार का निर्माण करता है|
- मंत्रालय द्वारा "पोषण एवं स्वास्थ्य में खाद्य संरचना" पर आधारित अंतर्राष्ट्रीय परिचर्चा (International Symposium on 'Food Composition in Nutrition and Health) का भी उद्घाटन किया गया है|
- इस परिचर्चा के तहत खाद्य संरचना सारणी का प्रयोग करने वाले विभिन्न हितधारकों एवं सहयोगियों को एक मंच पर लाने जैसा महत्त्वपूर्ण कार्य करने में सफलता हासिल होने की सम्भावना है|
- वस्तुतः इस पहल का उद्देश्य धरणीय तरीके (Sustainable Manner) में देश की पोषक तत्त्वों से संबंधित स्थिति (Nutrition Situtation) को सुधारने एवं इसमें विकास करने की दिशा में आने वाली नई चुनौतियों तथा अवसरों का सामना करने के साथ-साथ उनका समाधान करना है|